प्रभात खबर
जमशेदपुर, मंगलवार
22.10.2024 | 02

# अंतर सदन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में यमुना और गंगा सदन बना विजेता




इस्टीम पब्लिक स्कूल के इंटर हाउस क्विज कान्टेस्ट में भाग लेते प्रतिभागी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, चाईबासा :** इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज कान्टेस्ट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डा. मनोज कुमार झा, ज्योत्सना झा, गौरव झा, प्राचार्य टी. कुमार एवं शीला ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इसके बाद विद्यार्थियों की ओर से स्वागत गान की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज कान्टेस्ट शुरु हुआ। कान्टेस्ट में रिजनिंग, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गए। पूरे कान्टेस्ट में आडियो विजुअल राउंड काफी रोचक रहा। प्रतियोगिता में चारों हाउस का प्रदर्शन शानदार रहा और बहुत ही कम अंतर से यमुना हाउस तथा गंगा हाउस की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि डा. मनोज कुमार झा ने अंत में दोनों विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का अपने पाठ्यक्रम के अलावा अन्य उपयोगी विषयों के प्रति भी लगाव बढ़ता है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी मिलती है। प्राचार्य टी. कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों की प्रशंसा करते हुए इस तरह के आयोजन को बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया। कहा कि वर्तमान समय के अनुरूप प्रतिस्पर्धा की भावना बच्चों में विकसित होती है।

दैनिक जागरण जमशेदपुर, 22 अक्टूबर, 2024

इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज का आयोजन

# इंटर हाउस क्विज में गंगा और यमुना हाउस जीते




**चाईबासा.** इस्टीम पब्लिक स्कूल में सोमवार को इंटर हाउस क्विज का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि चेयरमैन डॉ मनोज झा शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ मनोज झा, ज्योत्सना झा, गौरव झा, प्राचार्य टी कुमार व श्रीमति शीला ने सामूहिक रूप से किया. इसके बाद गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज शुरू किया गया. कॉन्टेस्ट में रिजनिंग, लैंग्वेज एंड लिट्रेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान व करंट अफेयर्स आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गये. इस दौरान पूरे कॉन्टेस्ट में ऑडियो विजुअल राउंड काफी रोचक रहा. प्रतियोगिता में चारों हाउस का प्रदर्शन शानदार रहा. काफी कम अंतर से यमुना हाउस व गंगा हाउस की टीम विजेता बनी.

**इस तरह के आयोजन से बच्चों में बढ़ती है प्रतिस्पर्द्धा : डॉ मनोज झा**

मुख्य अतिथि डॉ झा ने विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का अपने पाठ्यक्रम के अलावा अन्य उपयोगी विषयों के प्रति भी लगाव बढ़ता है. बच्चों में प्रतिस्पर्द्धा की भावना बढ़ती है. विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है. प्राचार्य टी कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों की प्रशंसा करते हुए इस तरह के आयोजन को बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया. उन्होंने कहा कि इससे बच्चों में वर्तमान समय के अनुरूप प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा.

दैनिक भास्कर
जमशेदपुर, बुधवार, 23 अक्टूबर, 2024 | 18

# इस्टीम पब्लिक स्कूल के इंटर हाउस क्विज कॉन्टेस्ट में यमुना व गंगा हाउस बने चैंपियन

भास्कर न्यूज | चाईबासा



इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस क्विज कॉन्टेस्ट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विद्यालय के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. मनोज कुमार झा, ज्योत्सना झा, गौरव झा, प्राचार्य टी. कुमार एवं शीला ने सामूहिक रूप से किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गान प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात गंगा, यमुना, दामोदर और स्वर्णरेखा हाउस के बीच क्विज कॉन्टेस्ट शुरू हुआ। कॉन्टेस्ट में रिजनिंग, लैंग्वेज एंड लिटरेचर, सोशल साइंस, साइंस, सामान्य ज्ञान, करंट अफेयर्स आदि विषयों से संबंधित सवाल पूछे गए। पूरे कॉन्टेस्ट में ऑडियो विजुअल राउंड काफी रोचक रहा। प्रतियोगिता में चारों हाउस का प्रदर्शन शानदार रहा और बहुत ही कम अंतर से यमुना हाउस तथा गंगा हाउस की टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि डॉ. मनोज कुमार झा ने दोनों विजयी टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का अपने पाठ्यक्रम के अलावा अन्य उपयोगी विषयों के प्रति भी लगाव बढ़ता है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा भी मिलती है। वहीं प्राचार्य टी. कुमार ने सभी प्रतिभागी टीमों की प्रशंसा करते हुए इस तरह के आयोजन को बच्चों के लिए अत्यंत उपयोगी व ज्ञानवर्धक बताया। साथ ही बच्चों में वर्तमान समय के अनुरूप प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।